Dainik Jagran Dt.07-08-2026

# शिक्षा बोर्ड के पूर्व सचिव को दी विदाई



विदाई समारोह के दौरान पूर्व सचिव डा. (मेजर) विशाल शर्मा व अन्य • जागरण

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में वीरवार को पूर्व सचिव डा. विशाल शर्मा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा, सचिव अंकुश शर्मा सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में डा. विशाल शर्मा के चार वर्षों के कार्यकाल को स्मरण करते हुए उनकी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में योगदान की सराहना की। डा. राजेश शर्मा ने कहा कि डा. विशाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा बोर्ड ने कई महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहलें कीं, जिनका लाभ विद्यार्थियों को मिला। डा. विशाल शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान विशाल शर्मा को विदाई दी गई। (जासं)

Aapka Faisla Dt.07-08-2026

# पूर्व सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के सम्मान में शिक्षा बोर्ड में विदाई समारोह आयोजित



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला में आज बोर्ड के पूर्व सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के सम्मान में एक गरिमापूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, सचिव अंकुश शर्मा सहित बोर्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के लगभग चार वर्षों के कार्यकाल को स्मरण करते हुए बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में उनके योगदान की सराहना की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता तथा शिक्षा बोर्ड के विकास एवं उन्नयन के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शिक्षा बोर्ड ने अनेक महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहलें कीं, जिनका लाभ विद्यार्थियों एवं शिक्षा व्यवस्था को प्राप्त हुआ। उन्होंने शिक्षा बोर्ड को दिए गए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके भावी जीवन एवं सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा ने शिक्षा बोर्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग एवं स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षा बोर्ड के वर्तमान सचिव श्री अंकुश शर्मा अपने प्रशासनिक अनुभव, कार्यकुशलता एवं नेतृत्व क्षमता के बल पर शिक्षा बोर्ड को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे तथा बोर्ड विद्यार्थियों के हित में निरंतर प्रगति करता रहेगा। समारोह का आयोजन शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी ने डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा को भावभीनी विदाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद एवं सफल भविष्य की कामना की।

# Farewell Ceremony Held at Education Board in Honor of Vishal Sharma



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA AUG 6 : A dignified farewell ceremony was held today at the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, in honor of the Board's former Secretary, Dr. (Major) Vishal Sharma. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma and Secretary Shri Ankush Sharma (HPAS), along with all other officers and staff members, were present on the occasion. During the ceremony, Dr. (Major) Vishal Sharma's tenure of approximately four years was recalled, and his contributions toward making the Board's functioning more effective, transparent, and student-centric were highly appreciated. The officers and staff present praised his leadership, administrative competence, and efforts toward the development and advancement of the Education Board, while also extending their best wishes for his bright future. Speaking on the occasion, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma commended Dr. (Major) Vishal Sharma's tenure, noting that under his leadership, the Education Board undertook several significant reformative initiatives that benefited both students and the education system. He expressed gratitude for his contributions to the Board and wished him well for his future life and service. In his address, Dr. (Major) Vishal Sharma expressed his gratitude to all the officers and staff of the Education Board for their cooperation and affection. He expressed confidence that the current Secretary, Ankush Sharma, would take the Education Board to new heights through his administrative experience, efficiency, and leadership capabilities, and that the Board would continue to progress in the best interest of the students.

Himachal Dastak Dt.07-08-2026

# पूर्व सचिव डॉ. विशाल के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में सोमवार को बोर्ड के पूर्व सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के सम्मान में एक गरिमापूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, सचिव अंकुर शर्मा सहित बोर्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में विशाल शर्मा के लगभग चार वर्षों के कार्यकाल को स्मरण करते हुए बोर्ड की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में उनके योगदान की सराहना की गई। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता तथा शिक्षा बोर्ड के विकास एवं उन्नयन के लिए किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अपने संबोधन में डॉ. विशाल शर्मा ने शिक्षा बोर्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

Amar Ujala Dt.07-08-2026

# डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा को दी विदाई

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में पूर्व सचिव डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के सम्मान में वीरवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बोर्ड अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लगभग चार वर्षों के कार्यकाल को याद किया। उनके बोर्ड प्रणाली को पारदर्शी, प्रभावी और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में दिए गए योगदान की जमकर सराहना की। समारोह में नए सचिव अंकुश शर्मा के प्रशासनिक अनुभव पर भरोसा जताते हुए उम्मीद जताई गई कि वह शिक्षा बोर्ड को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा बोर्ड ने कई महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहलें कीं। संवाद